तापमान

अधिकतम 43.8 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026



सिम्स में निर्माण के दौरान निकला मलबा बिखरा हुआ है।



## खबर संक्षेप

### सड़क पर दुकान बनाई लग रहा जाम

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा राजीनामा आवेदन निरस्त करने पर भी अवैध व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण को नहीं हटाया जा रहा है। मामले में निगम पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। शिकायत के मुताबिक पुराना बस स्टेंड स्थित निराला नगर राजा होटल के सामने सड़क पर दुकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। दरअसल अग्रसेन चौक से श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुराना बस स्टैण्ड चौंक की रोड की चौड़ाई 80 फीट है, इसमें कुछ रसूखदारों द्वारा कब्जा कर अवैध नया व्यवसायिक कॉम्पलेक्स मंजिला बनाकर किराए पर दिया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा कहा गया है कि अवैध अतिक्रमणकर्ता को बचाने की कोशिश निगम द्वारा की जा रही है जबकि नगर निगम के द्वारा राजीनामा आवेदन निरस्त किया जा चुका है। अब इस अवैध तथा काम्पलेक्स निर्माण के कारण सड़क संकरी होने के कारण जाम लग रहा है। इस बारे में भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी का कहना है कि पुराना रिहायशी इलाका है। इसके बाद भी जानकारी ली जाएगी।

### महतारी वंदन के लिए ई-केवाईसी 30 जून तक

**बिलासपुर।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों की 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। इसके लिए हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीकरण आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

### दिन भर बदली छाई पारा पहुंचा 44 डिग्री

**बिलासपुर।** प्रचंड गर्मी की मार अब पड़ने लगी है, सुबह से लू के थपेड़े चल रहे हैं, हालांकि सोमवार को आसमान पर बदली छाई लेकिन पारा 43.8 डिग्री पर जा पहुंचा। ऐसे में कूलर और एसी भी जवाब देने लगे हैं। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के इलाकों में अगले 2 दिनों तक हीट वेव की स्थिति बनी रह रही है। शहर में सामान्य से 4 से 5 डिग्री ज्यादा गर्मी पड़ रही है। यही वजह है कि दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म हो चुकी है लोगों को असहजता महसूस हो रही है। जिस तरह से सुबह 10 बजे आसमान में बादल छाए, उस तरह से लग रहा था कि तापमान बढ़ते ही राहत मिलेगी, लेकिन इसके उलट दिन भर गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

# सरकार ने ओपन टेंडर के माध्यम से निजी एयरलाइंस कंपनी को बुलाने से किया इनकार, विकास पर 100 करोड़ खर्च की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में चल रही बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित जनहित याचिकाओं की सुनवाई जुलाई के अंतिम सप्ताह तक के लिए बढ़ा दी गई। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कार्यों में प्रगति दिखाने के लिए अगस्त तक का समय मांगा, इसे स्वीकार कर लिया गया।

इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि रनवे कारपेटिंग बाउंड्री वॉल आदि कार्य सैंक्शन है और शुरुआत से अभी तक लगभग 100 करोड़ रुपए बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास में खर्च किए जा चुके हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि व्यावसायिक स्तर पर एयरलाइंस चाहे तो बिलासपुर से फ्लाइट संचालन कर सकती है उसमें कोई रोक नहीं है लेकिन जहां तक सब्सिडी का प्रश्न है तो यह केवल सरकारी कंपनी को दिया जा रहा है।



- हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित जनहित याचिकाओं की सुनवाई जुलाई के अंतिम सप्ताह तक के लिए टाली
- सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं का राज्य सरकार पर अत्यधिक धीमी गति से काम करने का आरोप

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर हवाई सुविधा विस्तार के मामले में लगातार मॉनिटरिंग कर विभिन्न आदेश देता आया है जिससे बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार संबंधी कई कार्य समय पर हुए हैं।


सोमवार की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने दाखिल किए गए शपथ पत्र का ब्यौरा देते हुए बताया कि रनवे कारपेटिंग बाउंड्री वॉल आदि कार्य सैक्शन है और शुरुआत से अभी तक लगभग 100 करोड रुपए बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास में खर्च किए जा चुके हैं। जहां तक नई उड़ानों का प्रश्न है तो राज्य सरकार एलाइंस एयर को सब्सिडी दे रही है परंतु निजी एयरलाइंस कंपनियों को बिलासपुर से उड़ान शुरू करने के लिए कोई आमंत्रण नहीं दिया गया।

अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि व्यावसायिक स्तर पर एयरलाइंस चाहे तो बिलासपुर से फ्लाइट संचालन कर सकती है उसमें कोई रोक नहीं है लेकिन जहां तक सब्सिडी का प्रश्न है तो यह केवल सरकारी कंपनी को दिया जा रहा है।

### केंद्र की तरह राज्य भी ओपन टेंडर करे

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि जब केंद्र सरकार उड़ान योजना में सब्सिडी देने के माध्यम से ओपन टेंडर कर सकती है और निजी एयरलाइंस समेत सभी एयरलाइंस को आमंत्रित कर सकती है तो यही कार्य राज्य सरकार भी कर सकती है और उसे इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। इस प्रस्ताव को भी राज्य सरकार की ओर से स्वीकार नहीं किया गया और कहा गया कि निजी एयरलाइंस कंपनी चाहे तो कमर्शियल उड़ान संचालित करे। सोमवार की सुनवाई में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि इन जनहित याचिकाओं का उद्देश्य पूरा हो चुका है अतः और आगे किसी सुनवाई की जरूरत नहीं। राज्य सरकार के इस बात का याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध किया।

### याचिकाएं 4 सी एयरपोर्ट के लिए ही लगाई गई



याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि याचिकाओं में 4 सी एयरपोर्ट बनाने का अनुतोष मांगा गया है और अभी तो 3सी एयरपोर्ट ही बना है 4सी एयरपोर्ट के लिए कोई भी कार्य सैंक्शन तक नहीं हुआ है। ऐसे में सुनवाई को इस स्तर पर समाप्त नहीं किया जा सकती। हाईकोर्ट ने भी माना कि याचिकाएं 4 सी एयरपोर्ट के लिए ही लगाई गई हैं। इस स्तर पर राज्य की ओर से कहा गया कि सुनवाई जारी रहती है तो आपत्ति नहीं करेगी, परंतु उसे समय दिया जाए जिससे कि वह इस मामले में कुछ ठोस प्रगति कर न्यायालय को बता सके। सुनवाई को अगस्त माह तक टालने की मांग की गई। राज्य सरकार के आश्वासन पर विचार कर हाई कोर्ट जनहित याचिकाओं की सुनवाई जुलाई अंतिम सप्ताह तक के लिए टाल दी। उस समय तक हुई प्रगति के संबंध में राज्य सरकार एक नया शपथ पत्र दाखिल करेगी।



सोमवार की दोपहर गोल बाजार में फंसा ट्रैक्टर और ट्रैफिक जाम में फंसकर हलाकान होते लोग।

## दोपहर एक बजे की घटना : नदारद रहा यातायात पुलिस का अमला

# गोल बाजार में घुसा ट्रैक्टर गर्मी में 1 घंटा ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आलम यह है कि ट्रैफिक पुलिस के नदारद रहने से सोमवार की दोपहर एक बजे गोलबाजार की व्यस्त सड़क पर एक ट्रैक्टर घुस गया, इससे पूरे बाजार का ट्रैफिक जाम हो गया, यहां तक कि वाहनों की भीड़ में एक महतारी एक्सप्रेस भी फंस गई, भीषण गर्मी में लोग एक घंटे तक पसीना बहाते रहे। भारी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया, उसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

- महतारी एक्सप्रेस में मरीज फंसी
- ध्वस्त है शहर की यातायात व्यवस्था

पिछले कुछ दिनों से जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसे देखते हुए दोपहर 12 से शाम 4 बजे चौक चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल बंद किए जा रहे हैं। तापमान 43 डिग्री से अधिक होने के कारण लोग भी अतिआवश्यक काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं, सड़कों पर ट्रैफिक कम होने से ट्रैफिक पुलिस के जवान भी सड़कों और चौक चौराहों से नदारद हो गए हैं। हालत यह है कि दोपहर में भीड़भरी सड़कों पर भारी वाहन, बिल्डिंग मटैरियल लेकर चलने वाले वाहन दौड़ते नजर आने लगे हैं। ट्रैफिक पुलिस के नहीं होने से 20 अप्रैल की दोपहर 1 बजे एक ट्रैक्टर गोलबाजार के अंदर पहुंच गया, जिससे उदल चौक से गोलबाजार तक लंबा जाम लग गया, सड़क पर सैकड़ों वाहन फंस गए। जाम में मरीज लेकर जा रही महतारी एक्सप्रेस भी फंस गई। दोनों ओर से बेतरतीब वाहनों के घुसने से लंबा जाम लगा रहा और भीषण गर्मी में वाहन सवार पसीना बहाते खड़े रहे। लोगों ने स्वयं वाहनों को हटावाकर ट्रेक्कर को बाहर निकलवाया, उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया।

### पेट्रोलिंग पार्टी नजर नहीं आई

यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए शहर को चार जोन में बांटकर गश्त करने पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। गोलबाजार में बेलगाम ट्रैक्टर घुसने से एक घण्टे तक जाम लगा हुआ था, किन्तु दूर दूर तक ट्रैफिक के जवान व पेट्रोलिंग पार्टी नजर नहीं आई। ट्रैफिक सिग्नल बंद होते ही ट्रैफिक पुलिसकर्मी चौक चौराहे से नदारद हो जाते हैं।

### पार्किंग की व्यवस्था नहीं

गोलबाजार में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कई बार प्रयोग किया गया है, लेकिन कोई प्रयोग सफल नहीं हुआ है। अब भी व्यापारी दुकान सामान सड़क पर सजाकर रख रहे है। वहीं खरीददारी करने जाने वाले लोग अपनी बाइक व चार पहिया गाड़ी सड़क में खड़ी कर खरीददारी करते रहते हैं। जिसके चलते ट्रैफिकजाम होता रहता है।

### कोतवाली पाइंट खाली था

दोपहर में कोतवाली पाइंट खाली था। पुलिसकर्मियों की रैली में ड्यूटी लगा दी गई थी। गोलबाजार में ट्रैफिकजाम होने की जानकारी नहीं है।

**- सुनील कुमार यादव**
कोतवाली
ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी

# 16 घंटे बिजली बंद से लोगों का फूटा गुस्सा, ईई कार्यालय घेरा

## अधिकारी ने कहा - 3 दिन में समस्या होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग में 'चिराग तले अंधेरा' वाली बात सामने आ रही है। तिफरा स्थित 220 केवी सबस्टेशन के करीब बने कालोनियों में बीते 7 दिनों से बिजली की समस्या है, रविवार की सुबह 11 बजे से बंद बिजली सोमवार की रात 3 बजे बहाल हो सकी, 16 घंटे बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट गया और दोपहर को बिजली कार्यालय का घेरा कर अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने 3 दिनों के अंदर बिजली की समस्या ठीक होने का आश्वासन दिया है।

- ग्रामीण सर्किल में नहीं संभल रही बिजली व्यवस्था।
- घुटकू में 4 ट्रांसफार्मर फेल गांव में छाया है अंधेरा।

बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह 11 बजे से बिजली की बंद रही, इस दौरान पहले जम्पर कटने के कारण बिजली गुल रही, इसके साथ ही दिन में बिना हवा पानी के दो बार तार टूट गया, जिसे बनाने में कर्मचारियों को 16 घंटे का समय लग गया। इस दौरान तिफरा क्षेत्र के शांति नगर, विकास नगर, इंद्रपुरी, एफएम गोल्ड कालोनी जैसे इलाकों में अंधेरा छाया रहा, सोमवार की सुबह 11 बजे के आसपास 50 से अधिक लोगों ने तिफरा स्थित ग्रामीण सर्किल का कार्यालय घेर लिया, इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी आपबीती भी बताई। सुधार कार्य के दौरान लोगों ने शाम से रात तक रतजगा किया, जिससे उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### अधिकारियों पर फूटा गुस्सा

उपभोक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण सर्किल में फ्यूज कॉल सेंटर बनाया गया है। तिफरा स्थित फ्युज कॉल नंबर 9826134802 द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायत नहीं सुनी जा रही है। इसके साथ ही जेई अंकित गुप्ता के मोबाइल नंबर 9589200527 पर संपर्क करने पर भी जवाब नहीं मिलने के बाद उपभोक्ताओं ने अधिकारियों से तत्काल हटाने की मांग की है।



### खंबे लगे लेकिन तारों का जाल

बताया जा रहा है कि इन कालोनियों में खंबे लगे है लेकिन किसी खंबे में तारों का जाल है तो किसी खंबे में एक या दो तार ही है। तारों के जाल के चलते ही यहां शार्ट सर्किट की घटनाएं होती है। वहीं रविवार को 40 साल पूरा तार टूटने के वजह से ही मरम्मत कार्य में देरी हुई है। ऐसे में लोगों ने मांग की है कि जर्जर हो चुके तारों को तत्काल बदला जाए। अधिकारियों ने 3 दिवस के भीतर मरम्मत कार्य कर बिजली आपूर्ति सुधारने की बात कही है।

### जल्द राहत मिलेगी

इंद्रपुरी व शांतिनगर के उपभोक्ता आए थे, रविवार को बिजली अधिक देर तक बंद थी, तार टूटने के कारण दिक्कत हुई है लेकिन सुधार कार्य हो चुका है। उनकी कुछ मांगें है जिनपर विचार किया जा रहा है, जल्द ही राहत मिलेगी।

**- अनुपम सरकार**, ईई, ग्रामीण

### लोड की है समस्या

उपभोक्ता ने बताया कि क्षेत्र में लोड की समस्या पिछले कई सालों से है। जर्जर ट्रांसफार्मर के साथ सप्लाई की जा रही है, जिसके कारण आए दिन बिजली बंद होने की समस्या आने आती है। इस बारे में पहले भी अधिकारियों को शिकायत दी गई है लेकिन हर बार महज आश्वासन ही मिल रहा है।

### 24 घंटे में नहीं बना ट्रांसफार्मर

घुटकू में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं है, लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। बताया जा रहा है कि एक साथ 4 ट्रांसफार्मर फेल हो चुके है, जिसके चलते बिजली सप्लाई ठप है और पूरा गांव अंधेरे में ही जीवन यापन कर रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली को लेकर ग्रामीण सर्किल के अधिकारी लोगों की समस्याओं को अनसुना कर रहे है जिसके चलते भीषण गर्मी में भी लोगों को दो पल के लिए राहत नहीं मिल रही है।



# ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL

ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL — EDUCATION FOR ALL

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड — भारत — असतो मा सद्गमय

( A Unit of St. Xavier's Chain of Schools)

Congratulations

## Class X CBSE Board Result (AISSE-2026)

## BHARNI, BILASPUR CBSE AFFILIATION NO. - 3330044

| | |
|---|---|
| G YASHWANT RAO (1st) | 97.80% |
| AVANI PANDEY (2nd) | 96 % |
| DIKSHA AGRAWAL (3rd) | 95.80% |
| MAHAK NEGI | 95.40% |
| SUVEN SHRIHANSH | 95.40% |
| ANSHIKA KURREY | 94.80% |
| NIYATI VASTRAKAR | 94.80% |
| VIBHA PATEL | 94.60% |
| ISHIKA CHAUHAN | 94.60% |
| NOVOSCHANDRA | 94.40% |
| BHOMYA SAHU | 93.6% |
| ANJALI PANDEY | 93.4 % |
| PREETI KAUSHIK | 93.20% |
| SUDHA KOSHLE | 93.00% |
| ANISH UPADHYAY | 92.80% |
| TEJESH KUMAR RATRE | 92.60% |
| NIKHIL DEY | 92.20% |
| DISHA DEY | 92.20% |
| AYUSH DHRUW | 91.20% |
| AASTHA SHARMA | 91 % |
| AKSHAT DUBEY | 90.80% |
| GARIMA SINGROUL | 90.00% |
| DEVENDRA GARHWAL | 89.60% |
| ANSHU KAUSHIK | 89.60% |
| AISHWARY HIRWANI | 89.60% |
| MD SHOAIB AKHTAR | 89.60% |
| NISHA KURRE | 89.60% |

## VYAPAR VIHAR, BILASPUR CBSE AFFILIATION NO. - 3330223

| | |
|---|---|
| SANSKRITI TAMBOLI (1st) | 97.4 % |
| SWASTI SAHU (2nd) | 97 % |
| AARAV KUMAR RAJPUT (3rd) | 96.4 % |
| MANAMI HALDAR | 96 % |
| SAMRIDDHI KESARI | 96 % |
| DHARMESH DEWANGAN | 95.8 % |
| SANKALP AHUJA | 95 % |
| SHUBHAYU MANDAL | 94.4 % |
| SHREYANSH SHUKLA | 93.8 % |
| PRATIK MERSA | 93.4 % |
| BI BI NAZNIN | 93.4 % |
| SIDDHARTH GOYAL | 93.4 % |
| ADABALA SHRINIDHI | 93.2 % |
| SONAM BHAGAT | 93.2 % |
| PIYUSH RAJ | 93% |
| ANKIT DEY | 93 % |
| ANAND KUMAR TIWARI | 92.8% |
| P.C. ASHWIN | 92.8 % |
| DIVYANSH DUBEY | 92.8 % |
| HANIFA SIDDIQUI | 92 % |
| GUNJAN BANJARE | 91.2 % |
| RAJEEV R. PRASAD | 90.6 % |
| KHANAK MANU | 90.4 % |
| SHREYANSH KSHATRI | 89.8% |
| YATHARTH THAKUR | 89.8 % |
| KUSHAGRA DWIVEDI | 89.6 % |

## MUNGELI CBSE AFFILIATION NO. - 3330182

| | |
|---|---|
| ANJANI THAKUR (1st) | 96.6 % |
| AMRITESH UPADHYAY (2nd) | 95.8 % |
| BHARGAVI THAKUR (3rd) | 95.4% |
| ABHISHEK BHOJWANI | 95% |
| YUVRAJ SINGH KSHATRI | 94.6 % |
| NIDHI RANI KOSHLE | 93.4 % |
| KHYATI SAHU | 92.6 % |
| TIYA LEDWANI | 92.4 % |
| ISHITA UPADHYAY | 91 % |
| MOULI JAIN | 91 % |
| DIKSHA TANDON | 89.4 % |
| RIDDHI DANSENA | 88.8 % |
| SAMBHAV JAIN | 88.8 % |
| AASHUTOSH KULMITRA | 88.6% |
| BHAVYA KSHATRI | 88 % |
| HONEY SINGRAUL | 87.6 % |
| ATHARV BAGHEL | 87 % |
| ANMOL SHRIVASTAVA | 86.2 % |
| ANURAG SAGAR | 86.2 % |
| AADYA PANDEY | 85.2 % |
| ANUSHKA SONI | 85.2 % |
| PRATYUSH PATLE | 85 % |
| GAURAV RAJ | 85 % |

# ADMISSION OPEN

SCHOLARSHIP FOR NEW ADMISSION IN CLASS XI

**VYAPAR VIHAR**
07752-353557, 9630004301
In-front of ITC office, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.)

**BHARNI (HOSTEL)**
9826862004, 7773085667
In front of CRPF Camp, Kota Road, Bharni, Bilaspur (C.G.)

**MUNGELI**
9826129896, 7999117127
Sai Mangalam, Pandariya Road, Mungeli (C.G.)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255







# परशुराम जन्मोत्सव पर अरपा पार निकली भव्य शोभायात्रा

**भगवान परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को सरकंडा क्षेत्र में भगवान श्री परशुराम महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस वर्ष पहली बार आयोजित इस शोभायात्रा में शहर सहित क्षेत्र भर के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। सभी लोगों ने जय परशुराम के जमकर नारे लगाए। इससे पूरा माहौल परशुमय बना रहा।**

## ध्वज पूजन के साथ बाइक रैली का शुभारंभ, परशुराम सेवादार समिति एवं परशुवीर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजकों ने बताया कि दोपहर में राजकिशोर नगर स्थित श्री परशुराम चौक से ध्वज पूजन के साथ बाइक रैली की शुरुआत की गई। इसके बाद दोपहर साढ़े 3 बजे अशोकनगर चौक पहुंचकर संत शिरोमणि श्री राम भिक्षुक दास महाराज की मूर्ति की पूजा-अर्चना की गई। यहां से बाइक रैली पदयात्रा में परिवर्तित होकर भव्य शोभायात्रा का रूप ले लिया। जिसमें भगवान परशुराम सहित अन्य संदेशात्मक झांकियां आकर्षण की केंद्र रही।

शोभायात्रा के नूतन चौक पहुंचने पर ग्राम देवता, ठाकुर देवता और स्फटिकेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की गई। फिर यहां से शोभायात्रा आगे बढ़ कर रिवर व्यू पहुंची। यहां अरपा मइया की आरती की गई। रास्ते में विभिन्न समाजों और नागरिकों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। लोग अपने घरों के सामने पूजा कर भगवान परशुराम के



प्रति आस्था जताई। शोभायात्रा सीपत चौक, श्रीराम सेतु चौक होते हुए अरपा नदी पुल पार कर बाजपेयी मैदान पहुंची। यहां वरिष्ठजनों द्वारा ध्वज को श्रीराम मंदिर में अर्पित किया गया। इसके बाद संत समागम, धर्म सभा, प्रवचन, सम्मान समारोह आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवान श्री परशुराम सेवादार समिति एवं परशुवीर के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

परशुराम सेवादार समिति के गौरव तिवारी, सिद्धांशु मिश्रा, अमित तिवारी, ज्योतिंद्र उपाध्याय,स्वप्निल शुक्ला, अभिनव तिवारी, रोशन अवस्थी, चंद्रचूड़ त्रिपाठी, शिल्पी तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, सुनील दत्त तिवारी, श्याम मोहन दुबे, रितेश शुक्ला, देवांश अवस्थी,सन्दीप बाजपेई, आनन्द मिश्रा,अंचल दुबे, सुरेश पांडेय, राजा अवस्थी, नवीन तिवारी, प्रदीप पांडेय, विशाल तिवारी, आयुष दुबे, शुभम मिश्रा, निखिल शर्मा, विकास दुबे, अभिषेक दुबे , सुमन अवस्थी, दीपा शर्मा, संजना मिश्रा, शिवांश शुक्ला आयुष तिवारी, सहित परशु सेवादार समिति के विप्र परिवार सम्मिलित हुए।

## शोभायात्रा में विप्रजन हुए शामिल



अरपापार ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा मे सम्मलित हुए। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के सरक्षक पंकज तिवारी ब्राह्मण चेतना मंच के अध्यक्ष रोहित मिश्रा, प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, शुभम मिश्रा अंचल दुबे, सहित विप्रजन सम्मलित हुए।

## सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत




परशुराम जयंती के अवसर पर भगवान श्री परशुराम सेवादार समिति के द्वारा शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का सरकंडा स्थित बॉडी टेंपल जिम नूतन चौक के पास सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा स्वागत किया गया। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों का फूल माला से स्वागत कर कुल्फी व पेय जल पिलाया गया।

## सर्वसेन समाज ने किया स्वागत



भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर परशुराम सेवादार समिति के द्वारा अशोकनगर सरकंडा से निकाले गए शोभायात्रा का कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में रामसेतु के पास शोभायात्रा का भव्य आतिशबाजी पुष्प वर्षा एवं लीची शरबत वितरण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र शुक्ला, जी. एल. राजकुमार श्रीवास, नवीन दुबे, मनीष भट्ट, प्रियंक शराफ, मंगल वाजपेई, विवेक पांडे, जीत सिंह,बिट्टू यादव, मणि शंकर शर्मा, विकास श्रीवास, अश्वनी श्रीवास, प्रकाश श्रीवास, गोलू खुसैंल, शांति उपाध्याय, पिंकी बत्रा, निरुपमा बाजपेई, नायडू भाई, सुरेश गौतम, कृष्णदट् तिवारी,शुभम तिवारी, आयुष तिवारी, आभाश श्रीवास, निखिल श्रीवास, शुभम श्रीवास, सोनू श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, आनंद श्रीवास, मनोज शुक्ला, राजेश बाजपेई, पवन पांडे सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## कान्यकुब्ज भवन में हवन, आरती कर प्रसाद वितरण



भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज की उपस्थिति में इमलीपारा स्थित भवन में पूजा, हवन, आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित, छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण समाज के अध्यक्ष डॉ प्रदीप शुक्ला, राम प्रसाद शुक्ला, बीके पाण्डेय, श्री त्रिपाठी, सचिव राजेश शुक्ला, देवी शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मनोज शुक्ला, कृष्ण मोहन पाण्डेय, जगदीश त्रिवेदी, शिवा मिश्रा, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, गोपाल मिश्रा, संदीप बाजपेयी, दिव्य प्रकाश दुबे, शरद शुक्ला, पवन तिवारी, राजन दीक्षित, अमिषेक मिश्रा, रामकुमार, अनिल, अर्पित तिवारी, विनय शर्मा, डॉ विवेक बाजपेयी, राजकुमार तिवारी, सुद्धांशु मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष किरण बाजपेयी, सचिव ममता दुबे, रश्मिलता मिश्रा, वंदना शुक्ला, नमिता बाजपेयी, रेणुका शुक्ला, वर्षा अवस्थी, आंकाक्षा, वंदना मिश्रा, श्वेता पाण्डेय, किरण, रमा शुक्ला, अल्का तिवारी उपस्थित रहे।

## 106 बटुकों का उपनयन संस्कार

आचार्य पंडित कृष्ण दत्त शास्त्री द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर,श्री राम घोंघा बाबा मंदिर परिसर में सम्पन्न कराया गया।

परशुराम ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पाण्डेय, समाज की संरक्षिका राजश्री मिश्रा,रेखा पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी ने भगवान परशुराम एवं हनुमान का पूजन कर एवं तेजस्व पाण्डेय ने हनुमान चालीसा पाठ कर उपनयन संस्कार प्रारंभ कराया। सर्वप्रथम मंडप, कलश, गौरी गणेश का पूजन फिर माग़र माटी, तेल हल्दी, चिकट, मुंडन, मुंज का जनेऊ धारण कराया



गया। फिर दंड धारण,हवन कर माताओं से भिक्षा मांग कर गुरु आचार्य को लाकर दिया सभी बटुक शोभा यात्रा के रूप में विद्या अध्यन करने शहर के प्रमुख मार्ग से निकलकर हरददेव लाल के मंदिर तक बाजे गाजे के साथ निकले और फिर वापस श्री राम घोंघा बाबा परिसर में सभी बटुक वापस आए। माताओं ने अपने बटुकों का परक्षन किया कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित समाज के अध्यक्ष डॉ गायत्री प्रसाद पांडे, पंडित उमेश गौरहा, पंडित केशव तिवारी, पंडित ओम प्रकाश पांडे, पंडित सुनील द्विवेदी, पंडित अजीत मिश्रा, पंडित शुभम तिवारी, पंडित निर्मल झा, यश पांडे, के, एल, शुक्ला, आई एस तिवारी,शोभा मिश्रा, उमा त्रिपाठी, श्वेता अवस्थी, सुशीला तिवारी, विभा पांडे प्रतिभा तिवारी, शशी दुबे, सुलेखा शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पिंकी तिवारी, सीमा राजेश शुक्ला, सरिता पांडे, शोभा त्रिपाठी, पुष्पा दुबे, अन्नू अवस्थी पार्षद ममता अमित मिश्रा,अंजलि संतोष दुबे, जुगल सिंह ठाकुर, देवेंद्र साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



नियुक्ति

## रिजर्व बैंक की उच्चस्तरीय कमेटी के केडिया पुन: सदस्य बनाए गए



**बिलासपुर।** सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए रिजर्व बैंक की उच्चस्तरीय कमेटी का पुर्नगठन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ प्रदेश के अध्यक्ष हरीश केडिया को इस समिति का लघु उद्योग प्रतिनिधि के रूप में सदस्य मनोनीत किया गया है। श्री केडिया इसके पूर्व भी इस समिति के सदस्य थे। समिति में सभी बड़े बैंकों के छत्तीसगढ़ स्थित सर्वोच्च अधिकारी,लघु उद्योग संचालक, सिडबी बैंक, नाबार्ड बैंक, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के संचालक आदि शामिल हैं। श्री केडिया के पुनःमनोनयन पर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना, कोषाध्यक्ष राम सुखिजा के अलावा पूर्व अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, अरविंद गर्ग, सुनील मरदा, चंद्रकांत भट्ट, अनिल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, जितेन्द्र गांधी, एस.पी.चतुर्वेदी,विनोद अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, अनिल सलूजा,अजय जाजोदिया ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

आयोजन

## सीएमडी कालेज के एनसीसी छात्रों ने शूटिंग व ड्रिल स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय के एनसीसी यूनिट द्वारा जैन इंटरनेशनल स्कूल में 7 वीं छग बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में मेजर होशियार सिंह स्मृति शूटिंग एवं जनरल रावत इंटर-इंस्टिट्यूशनल ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 8 महाविद्यालय एवं 13 विद्यालय के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में कर्नल लोकेश देव तथा जैन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ. एसएस राजपूत की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर आईजी रामगोपाल गर्ग थे। इस अवसर पर श्री गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क एवं राष्ट्र भावना सुदृढ़ होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ड्रिल प्रतियोगिता में सीएम महाविद्यालय प्रथम रहा। ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम सीनियर अंडर ऑफिसर हर्ष सिंह सीएमडी कॉलेज, फायरिंग में प्रथम सीएमडी कॉलेज, प्रथम एलसीपीएल अलवीरा नाज सीएमडी कॉलेज, द्वितीय एलसीपीएल अंश सोनवानी सीएमडी कॉलेज, विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। अमन दुबे एवं प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने महाविद्यालय के सभी कैडेट्स का जोरदार स्वागत किया। इसे सफल बनाने में लेफ्टिनेंट रोहित लहरे को बुके देखकर उनका भी स्वागत किया। बटालियन के अन्य एएनओ, पी.आई. स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एजुकेशन

## चौकसे कॉलेजेस के 10 छात्रों का लान्चड ग्लोबल कैंपस ड्राइव में चयन



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस द्वारा आयोजित लान्चड ग्लोबल कैंपस ड्राइव में अपने 10 छात्रों के चयन के साथ गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लान्चड ग्लोबल ने सभी चयनित छात्रों को विभिन्न स्तरों पर 9 लाख तक का पैकेज आफर किया है। चयनित छात्रों में निधि कुमारी (सीएसई),स्वास्ति पाठक (सीएसई–एआईडीएस),सृष्टि बोस (बी.एससी–बायो–टेक), श्रद्धा सिंह (एमबीए),संगीता सिंह (एमबीए),अनन्या गुप्ता (एम.एस.सी.–जूलोजी),मो जुनैद अख्तर अंसारी (मैकेनिकल) के. श्वेता राव (सीएसई),अमित तिवारी (सीएसई) तथा देवयानी बेरा (एमबीए) शामिल हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने सभी चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप के प्राचायों ने कहा कि अच्छे पैकेज के साथ चयन होना छात्रों की बड़ी उपलब्धि है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर विनोद सिंह खरसन ने बताया कि संस्थान प्रबंधन ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की और अपने विभिन्न विभागों को इस अवसर पर बधाईयां प्रेषित की। यह उपलब्धि संस्थान को क्षेत्र में एक अग्रणी प्लेसमेंट हब के रूप में और अधिक सशक्त बनाती है, जो छात्रों को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है जिसका लाभ यहां पढ रहे सभी छात्रों को मिलना सुनिश्चित है।

संवेदना

## अखबार वितरक संघ के अध्यक्ष ने स्व. विकास दास को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** अखबार वितरक संघ के अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ 19 अप्रैल को स्वर्गीय विकास दास के गृह ग्राम मोहतराई पहुंचे। वहां मृतक विकास दास के परिजनों से मिलकर मृतक के दो तीन दिन पूर्व हुए बस एक्सीडेंट से संबंधित जानकारी लिए। उसके बाद मृतक विकास दास को श्रद्धांजलि अर्पित कर इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को सहन शक्ति का ईश्वर से प्रार्थना कर शोक संवेदना प्रकट किए। अखबार वितरक संघ की ओर से मृतक के पिता को सहयोग राशि दी गई और हरसंभव सहयोग करने की बात अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा द्वारा कही गई। इस मौके पर मृतक परिवार के साथ अखबार वितरक संघ के सदस्य एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। यह जानकारी अखबार वितरक संघ के मीडिया प्रभारी शिव श्रीवास ने दी।

स्पोर्ट्स न्यूज

राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान में डयूज बाल से खेल रहे हैं बच्चे

## फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के नवोदित खिलाड़ियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा नवोदित क्रिकेटरों को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम एक बड़े मैदान में क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा।

आईपीएल आईपीएल स्तर के इस बड़े खेल मैदान में बच्चे शानदार बल्लेबाजी तथा ड्यूज बाल से गेंदबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ,जिससे बच्चों में कलात्मक बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी सीखने का मौका मिल रहा है। बच्चों में इस बड़े खेल मैदान से उनकी खेलने की क्षमता भी बढ़ेगी। क्षेत्र रक्षण बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी में आज रघुराज स्टेडियम में स्टेडियम में लगभग 200 से अधिक बालक बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया, बालक तथा बालिका वर्ग में आज बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। यह प्रशिक्षण बच्चों को रघुराज स्टेडियम जैसा बड़े राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान दिखाने के साथ-साथ यहां यहां खेल की प्रतिभा निखारने का भी अवसर मिलेगा। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के सीनियर कोच कमल चड्ढा के मार्गदर्शन में दो दिनों तक राजा रघुराज स्टेडियम में बच्चे क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बच्चों के माता-पिता भी आज काफी संख्या में यहां अपने बच्चों का प्रशिक्षण एवं खेल देखने पहुंचे थे।

## ऑल इंडिया पीसी भट्टा मेमोरियल में अयान ने लगाया शतक

उत्तराखंड में आयोजित ऑल इंडिया इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर के खिलाड़ी अयान वीर ने क्वार्टर फाइनल मैच में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश दिलाया है। अयान वीर ने नाबाद 115 रन बनाएं इसमें 16 चौके चार छक्के शामिल है। ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अयान ने तीन विकेट भी लिए। इसके पहले के मेचो में भी अयान ने शानदार प्रदर्शन किया।

8वां ऑल इंडिया पीसी भट्टा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट उत्तराखंड मे फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अयानवीर सिंह भाटिया ने ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट उत्तराखंड में शानदार बल्लेबाजी करते हुए कासिगा स्कूल टीम को मैच में शानदार जीत दिलाई। नाबाद 115 रन बनाकर बनाकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया है। आज क्वार्टर फाइनल मैच कासिगा स्कूल देहरादून तथा वुड स्टॉक स्कूल मसूरी के बीच खेला गया। जिसमें कासिगा स्कूल देहरादून की टीम ने 120 रन से आसानी से अपना मैच जीत लिया। साथ ही कासिगा स्कूल देहरादून ग्राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में अयानवीर सिंह ने उत्तराखंड के पिच पर तीन विकेट भी लिए। अयान वीर कासिगा स्कूल देहरादून उत्तराखंड की टीम से खेल रहे हैं। और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहेहैं। इस प्रतियोगिता में 12 राज्यों की टीम भाग भाग ले रही है जिसमें मसूरी ,देहरादून,असम, सोलान, मध्य प्रदेश ग्वालियर, 12 टीम भाग ले रही है।


।। जय परशुराम ।।
।। जय जय परशुराम ।।
भव्य शोभा यात्रा
21 अप्रैल 2026, दिन-मंगलवार
प्रारंभ :- शीतला माता मंदिर, दयालबंद | समय : दोप. 04:30 बजे से
महाआरती एवं धर्मसभा :- पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कुल मैदान, तिलक नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
आप सहपरिवार सादर आमंत्रित है...
इस शुभबेला में महाआरती के पश्चात्
अनन्त श्री विभूषित श्री मज्जगद्गुरू रामानुजाचार्य
श्री स्वामी घनश्यामाचार्य जी महाराज
के आशीर्वचन से कृतार्थ होने का सौभाग्य प्राप्त होगा ।
लक्ष्य -हिन्दू राष्ट्र
भगवान श्री
परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनियावत् :- संभागीय समग्र ब्राम्हण समाज संग परशुसेना, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### 80 हजार की लूट, एक गिरफ्तार, पांच फरार

**बिलासपुर।** मजदूर दिलाने का झांसा देकर दो ठेकेदारों से मारपीट कर 80 हजार रुपए लूटने वाले फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर 16 हजार रुपए जब्त किया है। शेष 5 आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश पन्ना निवासी शाहनगर पिपिरया निवासी दशरथ कुमार द्वेदी पिता शिवकुमार को मजदूर दिलाने का झांसा देकर शहर में बुलाकर युवको ने मारपीट कर 35 हजार हजार रुपए व बिहार मुजफ्फरपुर सरैया निवासी ठेकेदार सुनील कुमार यादव को मजदूर दिलाने बुलाकर कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के पास मारपीट कर बैग को लूटकर भाग गए। बैग में 45 हजार रुपए नकद व आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने दोनों मामले में लुटेरों के खिलाफ बीएनएएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने फरार आरोपी पचपेड़ी बेल्हा निवासी प्रकाश सिंह पिता मंगल सिंह 40 साल को गिरफ्तार कर 16 हजार रुपए जब्त किया है। वहीं उसने साथी अभय सिंह उईके, समीर सिंह, संतोष उईके, वीरू मरावी, मनोज उईके पुलिस पकड़ से बाहर है।

### बॉयफ्रेंड ने युवती को पीटा, तोड़ दिया मोबाइल

**बिलासपुर।** बातचीत नहीं करने पर नाराज बॉयफ्रेंड बीयर बार से युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर अपने रूम में ले गया और जमकर मारपीट करते हुए उसका मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, जांजगीर जिले की रहने वाली एक युवती नूतन चौक चौबे कालोनी में किराए के मकान में रह रही है। उसकी पिछले 1 साल से दिपेश नवरंग से जान पहचान थी। 2 महीने पहले उसने दिपेश से बातचीत करना बंद कर दिया। 18 अप्रैल को वह अपनी एक सहेली का बर्थडे मनाने श्रीकांत वर्मा चौक स्थित बीयर बार गई थी। 12 बजे दिपेश बार में आया और बात करना है कहकर कार में बैठकर कोनी अपने रूम जाने को कहा। उसने मना किया तो मारपीट करते हुए कोनी अपने रूम में ले गया और कमरे में कैदकर जमकर मारपीट कर मोबाइल पटककर तोड़ दिया। 19 अप्रैल को शाम 6 बजे दिपेश के दो दोस्तों ने उसे उसके रूम में छोड़ा था। दीपेश नवरंग के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इलाज कराने सिम्स गया कैदी बैठा, जांच में मौत

**बिलासपुर।** इलाज कराने सिम्स गया सजायाप्ता कैदी एक्सरे कराने जाते समय अचानक बदहवास होकर बैठ गया। डाक्टरों के द्वारा जांच करने पर वह मृत पाया गया। मर्ग मेमो सिविल लाइन थाने में भेज दिया गया है। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया, कोरबा जिला का रहने वाला बच्चू झुठैल पिता भईया झुठैल 60 साल केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पेट खराब होने से जेल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। 20 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे अत्याधिक तबियत खराब होने पर जेल कर्मचारी उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। मेडिसिन विभाग में उसका परिक्षण किया गया। उसके बाद कर्मचारी एक्सरे कराने के लिए लेकर जा रहे थे। अचानक पेट पकड़कर वह बदहवास होकर बैठ गया। तत्काल उसे आपातकालीन कक्ष में ले जाया गया। डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

**वीडियो सामने आने के बाद हरकत में आया प्रशासन**

**साल भर जो फाइल गुम थी वह अचानक मिल गई और युवक को इश्तहार के लिए दे भी दिया गया**

# 'बादाम केस' पर एक्शन, हाउसिंग बोर्ड में फाइल दबाने पर दो अधिकारियों पर गाज, मुख्यालय अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में नामांतरण की फाइल गुम करने और लापरवाही के आरोप में वायरल वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया।

हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर ने बिलासपुर में पदस्थ संपदा अधिकारी एल.पी. बंजारे और सहायक पुन्नम बंजारे को मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। हालांकि इस कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं और मामले में लीपापोती के आरोप लग रहे हैं। दूसरी ओर मामला सामने आने के बाद साल भर जो फाइल गुम थी वह अचानक मिल गई और युवक को इश्तहार के लिए दे भी दिया गया है। गौरतलब है कि बिलासपुर के तिफरा स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल आफिस का यह मामला है। संबंधित अधिकारियों पर साल भर तक नामांतरण की फाइल दबाने के आरोप लगे थे। दरअसल तिफरा निवासी तोरण साहू ने आरोप लगाया था नामांतरण की फाइल सात महीने तक दबाकर रखी गई। जब वह कार्यालय पहुंचा, तो संबंधित अधिकारी ने बताया कि नामांतरण तो हो चुका है, लेकिन नत्थी नहीं मिल रही है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले कई महीनों से लगातार कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। हर बार उसे यही जवाब मिलता था कि नत्थी खो गई है या उसकी तलाश की जा रही है। इस दौरान वह पचास से ज्यादा बार दफ्तर गया, जिससे उसका समय और पैसा दोनों बर्बाद हुआ।


'याददाश्त बढ़ाने' पीड़ित ने अफसर के सामने फेंके बादाम

बिलासपुर। हाउसिंग बोर्ड कार्यालय की लापरवाही का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक साल से अपनी फाइल के लिए चक्कर काट रहे व्यक्ति ने विरोध का अनोखा तरीका

यहां 7 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब पीड़ित ने दोबारा कार्यालय पहुंचकर जानकारी ली, तो उसे बताया गया कि नामांतरण हो चुका है, लेकिन फाइल नहीं मिल रही है। पीड़ित का

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### बादाम फेंककर जताया था विरोध

बार-बार एक ही जवाब मिलने पर तरुण ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया। वह पांच सौ ग्राम बादाम खरीदकर कार्यालय पहुंचा। उसने अधिकारी को बादाम देते हुए कहा कि इसे खाने से उनकी याददाश्त तेज हो जाएगी। शायद उन्हें उसकी नत्थी का पता चल जाए और उसे बुलाकर नत्थी सौंप दी जाए। इस घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। दूसरी ओर अधिकारी पूनम पांडेय बंजारे ने मामले में इसे अभद्र व्यवहार बताते हुए एसपी से शिकायत की है।

### यह मिला जांच में

मामला सामने आने के बाद जांच कराई गई तो पाया गया कि ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट कमांक 41/483 श्रीमती लक्ष्मी साहू ने खरीदा था। हाउसिंग बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर तिफरा निवासी तोरण साहू ने इसे खरीदा है। इसके बाद नामांतरण के लिए 17 मार्च 2025 को आवेदन किया गया। संपदा अधिकारी के द्वारा संबंधित कालोनी प्रभारी को उसी दिन आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। हालांकि इसके करीब 8 महीने तक फाइल को दबाकर रखा गया। 11 नवंबर 2025 को प्रभारी द्वारा संपदा अधिकारी के समक्ष नामांतरण पूर्व आम सूचना प्रकाशन हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया है। संपदा अधिकारी ने उसी दिनांक 11 नवंबर को 2025 को ही उस पर हस्ताक्षर भी कर दिए गए लेकिन तोरण साहू को नामांतरण आदेश की कापी नहीं दी गई। इस आदेश की कापी को फाइल में ही दबाकर रखा दिया गया।

**जिला अस्पताल के वार्ड में लगे कूलर हो गए कबाड़**

# अस्पतालों में नहीं है गर्मी से बचाव के साधन 43 डिग्री में तप रहे मरीज, कूलिंग मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी का पारा 43 डिग्री पार हो चुका है, लेकिन अस्पतालों में गर्मी से बचाव के साधन नाकाफी साबित हो रहा है। जिला अस्पताल के वार्डों में लगे कूलर पूरी तरह से कबाड़ हो चुके हैं, जिन्हें खिड़की के बाहर टांगा गया है, इसके पैनल तक सड़ चुके हैं। वहीं सिम्स में कूलर की कमी नहीं है, लेकिन देखरेख के अभाव में किसी कूलर में पानी नहीं है तो किसी कूलर का प्लग ही नहीं लग सका है। ऐसे में मरीजों को भरी दोपहरी में गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है।

मरीजों के लिए अस्पतालों में गर्मी से निजात दिलाने के उपाय महज खानापूर्ति ही नजर आ रही है। सबसे ज्यादा खराब हालत जिला अस्पताल की है। यहां लगाए गए सेंट्रल एसी कुलिंग सिस्टम कई महीनों से बंद है, शनिवार को इसमें रिपेयरिंग का काम चलता रहा लेकिन इसके बावजूद यह शुरू नहीं हो सका। इसके साथ ही वार्डों की हालत खराब है। ओपीडी में भी मरीज लाइन में लगते ही पसीने से तरबतर हो रहे है लेकिन प्रबंधन मरीजों को राहत देने में विफल साबित हो रहा है। गर्मी सर पर है और प्रबंधन ने वार्ड में कबाड़ कूलर को लगा रखा है, खड़ी के बाहर लगे कूलर हर मरीज को चिढ़ा रहे है। गायनिक वार्ड में एसी खराब है इसलिए महतारियों को 43 डिग्री तापमान में उबलना पड़ रहा है।







### सिम्स में देखरेख की कमी

सिम्स में मरीजों के लिए बड़े-बड़े ब्रांडेड कूलर लगाए गए हैं, ओपीडी, एमआरडी, वार्ड, वेटिंग रूम में भी कूलर है, लेकिन कूलरों में पानी भरने वाला कोई नहीं है। कहा जा सकता है कि प्रबंधन की मंशा भले ही मरीजों को गर्मी से राहत देने की हो लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ रही है। जिसके चलते मरीजों को गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है। हालत यह है कि लेबर वार्ड में पानी का मोटर नहीं चल रहा है, इसके बाजू गायनिक वार्ड में लगे कूलर का प्लग ही निकाल दिया गया है, हाल कि यह कारनामा मरीज व उनके परिजनों के द्वारा की गई है। एमएम2 में भी बगैर मोटर के ही कूलर को चलाया जा रहा है। जिससे कूलर के खराब होने की आशंका है। त्वचा रोड वार्ड में लगे कूलर का खस तक नहीं भींग रहा है। सिम्स में देखरेख की कमी के कारण मरीजों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

**नहीं लगेगा स्टील प्लांट**

# रामसर साइट के प्रवासी पक्षियों को आईमैक का 'जीवनदान'

### कंपनी बोली - यहां जैव विविधता विद्यमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- वेटलैंड एनओसी के लिए प्रस्तुत आवेदन निरस्त करने को कहा

पर्यावरण को बड़ा नुकसान पहुंचाते हुए अपने संयंत्रों की हर हाल में स्थापना करने के दौर में आईमैक कंपनी ने पर्यावरण की रक्षा के क्षेत्र में संवेदनशील कदम उठाते हुए समाज को एक बड़ा संदेश दिया है। कंपनी ने कहा कि कोपरा जलाशय में बनाए जा रहे रामसर साईट में न केवल जैव विविधता विद्यमान है, बल्कि यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का बसेरा भी है। ऐसे में कंपनी सकर्रा में प्रस्तावित अपनी ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट परियोजना को निरस्त करती है।

आईमैक कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैंड प्राधिकरण को सकर्रा में ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट परियोजना की स्थापना के लिए वेटलैंड एनओसी प्रदान करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी बीच कंपनी को अभिलेखों के परीक्षण एवं संबंधित विभागों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह अवगत कराया गया कि प्रस्तावित परियोजना स्थल के समीप स्थित कोपरा जलाशय को रामसर साईट घोषित किया गया है। यह क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, जहाँ समृद्ध जैव विविधता विद्यमान है। यहं विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों का आवागमन व प्रवास भी होता है। इस संबंध में वन विभाग एवं अन्य संबंधित कार्यालयों द्वारा भी क्षेत्र की पर्यावरणीय महत्ता के संबंध में अवगत कराया गया है। कंपनी ने कहा कि उक्त तथ्यों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित स्टील प्लांट परियोजना को स्वेच्छा से निरस्त एवं वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

इसी तरह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पोर्टल पर प्रस्तुत आवेदन व प्रकरण को भी कंपनी ने विधिवत रूप से वापस ले लिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के सदस्य सचिव माथेश्वरन व्ही. के द्वारा कलेक्टर संजय अग्रवाल को सोमवार को पत्र भेजकर आईमैक कंपनी द्वारा वेटलैंड एनओसी के लिए प्रस्तुत आवेदन के संबंध में किसी भी तरह की आगामी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होने संबंधी सूचना भेजी गई है।

# दोपहर स्ट्रेचर पर मरीज को सोनोग्राफी के लिए भेजा

### संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस, 7 दिनों में जवाब देने कहा

जूनीलाइन स्थित मिश्रा नर्सिंग होम द्वारा भरी दोपहरी मरीज को स्ट्रेचर पर सोनोग्राफी के लिए भेजना नर्सिंग होम संचालक को भारी पड़ गया है। अस्पताल में एंबुलेंस होते हुए भर्ती मरीज को परिजनों के द्वारा 200 मीटर दूर डायग्नोसिस सेंटर ले जाने के मामले में सीएमएचओ ने नोटिस जारी कर दिया है। मामले में संचालक व डाक्टर को 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक डॉक्टर ने मरीज को तत्काल सोनोग्राफी कराने की सलाह दी थी। इसके लिए एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई, लेकिन शुल्क ज्यादा लगने की वजह से परिजनों ने मना कर दिया। इसके बाद परिजनों ने स्वयं ही स्ट्रेचर का इंतजाम किया और सिम्स के सामने स्थित ओम नर्सिंग होम तक मरीज को स्ट्रेचर पर ले जाने लगे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मरीज को इस तरह ले लेकर जाना और करीब सवा दो बजे वापस लाने का विडियो वायरल हो गया। तेज धूप से बचाने के लिए मरीज के ऊपर छतरी लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि मिश्रा नर्सिंग होम में भर्ती मरीज डाक्टर अशोक अग्रवाल की अभिरक्षा में था। वहीं नर्सिंग होम एक्ट 2013 की कंडिका 17 (3) के अनुसार मरीज को बिना एम्बुलेंस के डाग्नोसिस के लिए भेजना और प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना पाया गया है। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने पर मिश्रा नर्सिंग होम के संचालक को नोटिस जारी कर 7 दिनों में जवाब देने के लिए समय दिया है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाराती स्कार्पियो पेड़ से टकराकर पलटी, 6 घायल







अस्पताल में भर्ती घायल।

**बिलासपुर।** पत्थर से टकराकर टायर फटने से बाराती स्कार्पियो पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 6 लोगों को चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। रामपुर निवासी मधु जांगड़े ने बताया, 19 अप्रैल को उनके देवर संजय जांगड़े की बारात पथरिया थाना के पास सिलतरा जा रही थी। स्कार्पियो में 6 लोग सवार थे। बरतोड़ी व कुरैली के पास पत्थर से टकराकर गाड़ी का टायर फट गया और अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर जाकर घायल दीपंजली जांगड़े, तीजराम धृतलहरे, शिवम बंजारे सहित 6 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

# दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, चला चाकू

- दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी कार्यक्रम में सड़क ब्लॉक कर डीजे बजाने पर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचे और आपस में समझौता कर लौट गए। रात में फिर उसी बात को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद हो गया और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला बस्ती शांति चौक निवासी सूरज रजक पिता संजय रजक के घर में शादी कार्यक्रम चल रहा है। 19 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे घर के लोग डीजे बजाते हुए नाचते हुए माता चौरा जा रहे थे। मोहल्ले के अरविंद पटेल ने उन्हें डीजे सड़क किनारे बजाने कहा। इस पर रजक परिवार के युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। श्री पटेल रिपोर्ट लिखाने थाने आए तो रजक परिवार के युवक भी थाने आ गए। दोनों पक्ष आपस में समझौता कर थाने से लौट गए। रात 11.30 बजे अरविंद पटेल, भाई कोमल के साथ अपनी बाइक लेकर मौके पर गए तो सूरज रजक, जीत रजक, विनोद रजक उसी बात लेकर दोनों भाईयों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। दूसरे पक्ष से सूरज रजक ने आरोप लगाया है कि शादी करने नहीं दूंगा कहकर दोपहर में विवाद किए थे चाकू से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने लगे और अरविंद रजक एवं उसके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला किया है। जिससे सूरज रजक व उसकी मां को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर तीन युवकों पर चाकू से हमला

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, दोमुहानी निवासी मुकेश धीरज पिता संजय धीरज 19 अप्रैल को लक्की पात्रे की बारात में धूमा गए थे। रात 12.30 बजे डीजे गाड़ी के पास वे चचेरा भाई सुमित धीरज के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर बाडे आडिल, अतुल जांगड़े, अरविंद जांगड़े, सागर धीरज ने जान से मारने की धमकी देते हुए चूड़ा व चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर, अमन धीरज के ठुढ्ढी, सुमित के जबड़े में चोट आई है।




**प्रतिबंधित प्लॉस्टिक रखने वालों के खिलाफ निगम की कार्रवाई**

# 80 किलो से अधिक प्लॉस्टिक जब्त, 5 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




सिंगल यूज प्लॉस्टिक के खिलाफ नगर निगम ने अभियान छेड़ दिया है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर आज निगम की टीम ने जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत गोल बाजार और सदर बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक रखने वालों दुकानदारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 80 किलो प्लॉस्टिक जब्त किया और जुर्माने के तौर पर 5 हजार रुपए वसूल किए।

प्रतिबंधित होने के बावजूद स्वच्छता तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लॉस्टिक का उपयोग अभी भी कुछ लोगों द्वारा छुपकर किया जा रहा है जिसके ख़िलाफ कार्रवाई करने के निर्देश निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे द्वारा निगम अधिकारियों को दिया गया। जिसके परिपालन में स्वास्थ्य अधाकारी एवं जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप के नेतृत्व में जोन द्वारा शहर के गोल बाजार और सदर बाजार क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक रखने वाले दुकानों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम द्वारा व्यापारियों और आमजनों को प्लॉस्टिक के उपयोग की जगह कपड़े का थैला या जूट से बने थैले का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। निगम की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निगम ने अपील करते हुए कहा की सिंगल यूज़ प्लॉस्टिक से हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है,इसलिए प्लॉस्टिक की जगह कपड़े से निर्मित या जूट के थैले का प्रयोग करें और पर्यावरण को बचाएं तथा आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ्य भविष्य दें।

# बाबुओं की कुर्सियों पर बैठ रहे दलाल

**बिलासपुर।** नगर निगम के संपदा विभाग में इन दिनों जमीन दलाल नजर आ रहे हैं। हाल यह है कि इस विभाग के बाबूओं की कुर्सियों में भी यह दलाल बैठकर सरकारी फाइल को आसानी से अपने कब्जे में लेकर अपने हिसाब से काम कर रहे हैं और करवा रहे हैं।

हरिभूमि के पास इस तरह के वीडियो और फोटो ग्राफ्स दोनों है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही है। सोमवार की दोपहर संपदा विभाग में व्यापार विहार का जमीन दलाल रमेश हंसपाल विभागीय क्लर्क लक्ष्मीकांत कोका की कुर्सी पर बैठकर फाइलों को



पलटता और वहां पहुंची एक महिला से डील करता हुआ दिखाई दिया। ध्यान रहे कि इस विभाग के प्रभारी प्रवेश कश्यप हैं जो कि जोन 5 के जोन कमिश्नर भी है। इन्हीं जोन कमिश्नर पर तिफरा जोन में पदस्थ रहते हुए नई गाड़ियों को कबाड़ में बेचने और उसकी राशि हजम करने के आरोप लगे थे। हालांकि जांच के नाम पर मामले को दबा दिया गया।




भगवान परशुराम जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. धीरेन्द्र तिवारी
डॉ. वर्णिका शर्मा
पं. रवि मिश्रा
पं. चन्द्रचूड़ त्रिपाठी
पं. शिवशरणधर बड़गैया
सदस्य - प्रदेश कार्यसमिति भाजपा (छ.ग.)
पं. राजेश त्रिवेदी
सदस्य - प्रदेश कार्यसमिति भाजपा (छ.ग.)
पं. पंकज तिवारी
पं. गुड्डा पाण्डेय
पं. देवेन्द्र पाठक
प्रशांत मिश्रा
मोहित मिश्रा
अलोक मिश्रा
शुभम मिश्रा
अंचल दुबे
अनुज तिवारी
मनीष पाठक
निखिल शर्मा
आदित्य सोनी
अपोलो मिश्रा
प्रियांश सोनी
गोल्डी विश्वकर्मा
मोन्टी मिश्रा
नितिन द्विवेदी
सुमित श्रीवास
गौरव अग्रवाल
पं. रोहित मिश्रा
राजा वर्मा
नरेश शर्मा
पं. आशीष तिवारी
रोहित मिश्रा एवं मित्रगण


अक्षय तृतीया पावन पर्व एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव की अनंत शुभकामनाएं..
भव्य शोभायात्रा
दिनांक 21 अप्रैल, मंगलवार शायं 04 बजे
प्रारंभ - शीतला माता मंदिर दयालबंद
विप्र समागम, महाआरती एवं महाप्रसाद-देवकीनंदन दीक्षित शाला प्रांगण
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं...
समग्र ब्राम्हण समाज संग परशुसेना
पं. प्रशांत मिश्रा
मेसर्स- PMCC बिलासपुर
पं. शैलेष उपाध्याय
मेसर्स- जय हनुमान, बिलासपुर
विनियावत्:- समग्र ब्राम्हण समाज संग परशुसेना